**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 06.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा कस्बा बिसण्डा में घूम रहे 07 वर्षीय बच्चे को परिजनों को किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 06.08.2025 थाना बिसण्डा पुलिस को गश्त के दौरान कस्बे में एक 07 वर्षीय बच्चा अकेले घूमता हुआ मिला । बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने उसे संरक्षण में लिया और उसे टॉफी व बिस्किट देकर स्नेहपूर्वक पूछताछ की । पुलिस द्वारा बच्चे के परिजनों का पता लगाकर बच्चे को सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा बताया कि उनका बच्चा सुबह 8:00 बजे से घर से लापता था और वे उसे स्वयं खोज रहे थे, लेकिन पुलिस को सूचित नहीं कर सके । पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल सुपुर्द किए जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया ।

**पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 काजुल देवी
2. कां0 प्रदीप कुमार